# जन हितैषी

## जिला और पुलिस प्रशासन की लापरवाही से हाथरस में मौत का तांडव

उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले के पुलराई गांव में नारायण साकार हरि,उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ मे 116 लोगों की मौत हो जाने की अधिकृत जानकारी है। घटनास्थल से जो जानकारी मिल रही है। उसके अनुसार सैकड़ों लोग अभी भी अपने परिजनों को सत्संग स्थल ओर अस्पतालों के आसपास खोज रहे हैं। सत्संग में जो लोग आए थे। हजारों लोगों के बारे में कोई जानकारी अभी भी नहीं मिल पा रही है। मृतकों की संख्या अभी कई गुना बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। सत्संग में करीब ढाई लाख लोग शामिल हुए। आयोजकों को जिला प्रशासन ने अनुमति दी थी। अनुमति के अनुसार करीब 80000 श्रद्धालुओं के आने का अनुमान जताया गया था। बड़े पैमाने पर सत्संग की व्यवस्था की गई थी। जिला प्रशासन और पुलिस जब इस तरह के आयोजनों को परमिशन देती है। परमीशन देने के बाद जिला प्रशासन की जिम्मेदारी होती है। वह स्थल का निरीक्षण करे। आयोजकों द्वारा जितनी संख्या में अनुमति मांगी गई है। उसके अनुसार व्यवस्था की गई है, या नहीं। आयोजकों द्वारा कार्यक्रम के लिए कौन से इंतजाम किए गए हैं। इंतजाम को देखते हुए जिला प्रशासन परमिशन देता है। उसके बाद जिला प्रशासन अपने स्तर पर कानून व्यवस्था की स्थिति बनाने के साथ-साथ बाहर से आने वाले लोगों के लिए यातायात व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था, के इंतजाम करती है। आयोजन बड़ा होता है, तो जिले के अन्य थानों तथा अन्य जिलों से पुलिस फोर्स बुलाई जाती है। जो सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम को देखते हैं। इस तरीके के आयोजन में जिला प्रशासन के अधिकारी श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आयोजक और जिला प्रशासन संयुक्त जिम्मेदारी का निर्वहन करते हैं। जिला प्रशासन के अधिकारी लगातार समारोह स्थल पर उपस्थित रहते हैं। निश्चित रूप से जब सत्संग की अनुमति दी गई थी। तब यह माना जाना चाहिए, जिला प्रशासन ने भी अपने स्तर पर सारे इंतजाम किए होंगे। जिला प्रशासन की उपस्थिति में अनुमति से अधिक श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा था। उसको रोकने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने क्या प्रयास किये? दुर्घटना होने के पहले जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही की गई हो, ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिलता है। घटनास्थल से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस फोर्स बहुत कम संख्या में आयोजन स्थल के पास उपस्थित थी। वह 5000 की भीड़ को भी नहीं संभाल सकती थी। जिले का पुलिस बल,पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं था। प्रशासन के अधिकारी भी वहां पर उपलब्ध नहीं थे। जब लाखों श्रद्धालु वहां पहुंच रहे थे। उस समय भी जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कोई प्रयास नहीं किये। जिसके कारण सैकड़ो लोगों की मौत भगदड़ में हुई। आयोजकों से बड़ी जिम्मेदारी जिला प्रशासन के अधिकारियों की है। उसके बाद सरकार की जिम्मेदारी है। जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन और सरकार अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ रहे हैं। आयोजकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है। नारायण साकार उर्फ़ भोले बाबा का नाम एफआईआर में दर्ज नहीं है। बाबा फरार हो चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटना के दूसरे दिन सत्संग स्थल पर पहुंचे। उन्होंने साजिश की बात कहकर जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ने की कोशिश की है। घायलों का उपचार नहीं हो पा रहा है। अस्पतालों में डॉक्टर नर्स और दवाइयां नहीं है। घायलों को बचाने के लिए एंबुलेंस नहीं है। घायलों को अस्पताल में देखने के लिए मुख्यमंत्री जरूर पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री के पहुंचने के बाद भी घायलों और उनके परिजनों को कोई सहायता नहीं मिल पा रही है। जिनके परिजन भीड़ में दबकर मर गए हैं। उनका पोस्टमार्टम नहीं हुआ उन्हें शव नहीं दिए जा सके हैं। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। उनकी देखरेख नहीं हो पा रही है। जिनके परिजन अभी भी परिजनों को खोज रहे हैं। कई बच्चों और महिलाओं के मां-बाप पति अस्पताल दर अस्पताल यहां से वहां भटक रहे हैं। उन्हें कोई सूचना आयोजकों और जिला प्रशासन द्वारा नहीं दी जा रही है। सैकड़ो किलोमीटर दूर से आए हुए लोगों के खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं है। जिस तरह से सांप निकल जाने के बाद लाठी पीटकर आक्रोश जताने की बात की जाती है। ठीक वही स्थिति पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, और सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं। अफवाहों के बल पर पाखंडी बाबाओं द्वारा परेशान और मजबूर लोगों को अपने जाल में फंसाया जाता है। परेशानी दूर करने के नाम पर पाखंडी बाबा गरीबों को अपना भक्त बनाते हैं। भक्तों को बड़े-बड़े सपने दिखाए जाते हैं। पाखंडी बाबा भगवान बनकर भक्तों के कष्ट, चुटकी बजाकर दूर करने का प्रचार प्रसार करते है। पाखंडी बाबाओ के नए-नए कारनामे सामने आने लगे हैं। श्रद्धालुओं से छोटी-छोटी सी रकम भी चढावे के रूप में मिलती है। तो वह करोड़ों रुपए की हो जाती है। पाखंडी बाबा अब भगवानों के ऊपर भी टीका टिप्पणी करने लगे हैं। हाल ही में मध्य प्रदेश के एक बाबा भगवान कृष्ण और राधा रानी पर लेकर दिए गए बयानों के बाद विवाद में आ गए हैं। बापू आसाराम ऑलरेड्डी जेल में है। बाबा रामरहीम जेल में है। जेल में होते हुए भी हरियाणा सरकार की कृपा उनके ऊपर हमेशा बरसती है। वह जेल में कम और आश्रम में ज्यादा रहते हैं। ऐसे कई बाबा जेलों में बंद है। जिन पर राजनेताओं की कृपा बरसती है। दुखी और परेशान लोगों को यह पाखंडी बाबा अपने आपको ईश्वर का अवतार बता देते हैं। इनके दर्शन करने मात्र से,इनके द्वारा दी गई भभूति से,उनके दिए गए आशीर्वाद से, उनके चरणरज माथे में लगाने से,बाबा द्वारा दिए गए रुद्राक्ष, बाबा का लॉकेट पहनने से हर किस्म के संकट दूर करने का भरोसा भक्तों को दिलाया जाता है। प्रचार तंत्र के कारण इन बाबाओ की दुकान बड़े पैमाने पर चल रही हैं। देखते ही देखते करोड़ों रुपए की संपत्ति पाखंडी बाबा बना लेते हैं। बाबाओं के इस व्यापार मैं राजनेताओं की मिली भगत होने के कारण इनका व्यापार दिनों दिन बढ़ रहा है। पाखंडी बाबाओ की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। सरकारी संरक्षण के कारण यह पाखंडी बाबा इतनी धूर्त हो जाते हैं। जब इस तरह की घटना होती है। तब पाखंडी बाबा बेशर्मी के साथ कहते हैं। जिसका जन्म हुआ है,उसका मरना तय है। जो मर रहे हैं, उसमें भगवान की मर्जी है। सत्संग में मरने वाले निश्चित रूप से स्वर्ग जाते हैं। पाखंडी बाबा मोक्ष पहुंचाने वाले भगवान के ठेकेदार भी बन गए है। सरकार भी ऐसे बाबाओ के समर्थन में आकर खड़ी हो जाती हैं। राजनेताओं के वोट बैंक यह बाबा बन चुके हैं। राजनेता उनके बचाव में खड़े हो जाते हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी साजिश की आशंका बताकर ढोंगी बाबा को बचाने की कोशिश शुरू कर दी है। सत्संग में इतने बड़े पैमाने पर मौत होने की जिम्मेदारी सरकार और जिला प्रशासन द्वारा बरती गई, लापरवाही के कारण हुई हैं। सरकार को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

## विपक्ष की सकरात्मक भूमिका लोकतंत्र को बचा सकती!

इस बार के लोकसभा चुनाव मे विपक्ष को मजबूत जनादेश मिला जिसके बल पर वह सकरात्मक कदम उठाकर लोकतंत्र को बचा सकती है। संसद में जनादेश के इस ताकत पर सरकार के गलत कदम पर ब्रेक लगाते हुये उठाकर जनहित में कदम उठाने को मजबूर कर सकती है । यह तभी संभव है जब विपक्ष मिले जनादेश की ताकत को अनर्गल बहस में न उलझाकर संसद में जनहित के मुद्दे उठाये, बहस करे, सरकार को मुद्दे पर अमल करने का दबाव बनाये। लोकसभा चुनाव के बाद राष्ट्रपति अभिभाषण से शुरू होने वाला सत्र मुद्दो से भटककर टकराव की राजनीति में उलझ गया है जहां संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का भाजपा बनाम हिन्दू वाला बयान राजनीतिक तुल पकड़ता जा रहा है। इस बयान ने देश में एक नया राजनीतिक भूचाल खड़ा कर दिया जो लोकतंत्र हित में कदापि नहीं। इस चुनाव में देश की जनता ने विपक्ष को जो जनदेश जिस काम के लिये दिया, विपक्ष उस दिशा में कदम न बढ़ाकर गलत अपना लिया है। जो चर्चा संसद से बाहर की जा सकती उसे संसद में प्रमुख बनाकर सत्ता पक्ष को मुद्दों से भटकाने का कार्य कर रहा है। विपक्ष को जनादेश मिला है पर सत्ता पक्ष अभी भी ताकतवर है जिसने लोकसभा अध्यक्ष का चयन अपनी मर्जी के अनुसार कर विपक्ष को अपनी ताकत का अहसास करा दिया, इस बात को विपक्ष को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। लोकसभा उपाध्यक्ष का चयन भी सत्ता पक्ष की मर्जी के अनुसार हीं होना है भले यह जगह अपने सहयोगी दल में से किसी को देनी पड़े पर विपक्ष को इस पद से भी हाथ धोना पड़ सकता है। जब कि विपक्ष इस पद के लिये अपना उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारने का निर्णय भी ले चुका है। वर्तमान राजनीतिक उभरे हालात में पक्ष विपक्ष के बीच केवल आपसी अनर्गल टकराव की स्थिति उभरती नजर आ रही है, जहां वास्तविक जनहित के मुद्दे गौण हो चले है। इस तरह की स्थिति संसद में चर्चा के दौरान विपक्ष द्वारा मुद्दों से हटकर अनर्गल मुद्दे उठाने स`उपजी जिसके लिये विपक्ष पूरी तरह से जिम्मेवार है।

लोकसभा चुनाव में जनता ने जिसे जनादेश दिया, जिसे नहीं दिया, संसद की चर्चा का विषय नहीं है। संसद में जनहित के मुद्दे विपक्ष द्वारा उठाया जाना विपक्ष का सकरात्मक कदम माना जा सकता जिससे लोकतंत्र की मर्यादा बचाने एवं सत्ता पक्ष को गलत कदम उठाने से रोकने में विपक्ष को सफलता मिलती। पर विपक्ष के उठाये वास्तविक महंगाई, बेराजगारी, नीट परीक्षा धांधली, अग्नवीर मुदृदे को भटकाव वाला हिन्दू बनाम भाजपा का मुद्दा निगल गया। इस तथ्य को विपक्ष को समझना होगा। विपक्ष संसद में अनर्गल बहस से बचकर जनहित के मुद्दे उठाते हुये विपक्ष की भूमिका निभा सकता है जिसके लिये देश की जनता ने स्पष्ट जनदेश दिया है जो अपने सकरात्मक कदम से सत्ता पक्ष के गलत कदम को रोककर सही कदम उठाने पर मजबूर कर सकता है। (लेखक- डॉ. भरत मिश्र प्राची / ईएमएस)

# हाथरस में भगदड़ हिंदुत्व को प्रणाम !

हाथरस में हुई भगदड़ के कारण बड़ी संख्या में लोगों के मरे जाने के बाद मुझे अपने हिंदू होने पर गौरवानुभूति की जगह ग्लानि हो रही है। लेकिन उत्तर प्रदेश की डबल इंजिन की सरकार को इस घटना के बाद कोई मलाल नहीं है । किसी ने इस हादसे की जिम्मेदारी अपने ऊपर नहीं ली है । कोई इस्तीफा नहीं दे रहा । देश की संसद भी त्रिदेव संवाद के बाद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गयी है। हाथरस में कोई 110 हिन्दू मरे गए हैंइस हादसे के बाद भी मुझे छोड़ पूरी सरकार को हिन्दू होने पर गर्व है

हिन्दू धर्मस्थलों पर भगदड़ कोई नयी चीज नहीं है । दुनिया में हिन्दू धर्म का मुकाबला करने वाला कोई दूसरा धर्म है ही नही। मक्का में पिछले दिनों गर्मी से एक हजार लोग मर गए। इस तरह के हादसों में धर्म का क्या दोष ? डिश है उन लोगों का ,जो धार्मिक है। अनुद्षासन नहीं जानता । अनुशासन नहीं मानता । उन्हें तो मोक्ष चाहिए। चाहे गर्मी से मारकर मिले,चाहे सर्दी से । चाहे भगदड़ से मिले या किसी और रास्ते से ,इस तरह के हादसे में मारे जाने वाले शहीद नहीं होते । उनके लिए कोई मुआवजा नहीं होना चाहिए, लेकिन दो-चार लाख रूपये तो केंद्र और राज्य की सरकारें दे ही देतीं हैं,क्योंकि अंततः वे भी धार्मिक सरकारें हैं।

अगर आप टीवी देखते हैं और अखबार पढ़ते हैं तो आपको ज्ञात होगा कि यूपी के हाथरस के सिकंदराराऊ थाना क्षेत्र के फ़ुलरई गांव में भगवान भोले बाबा के सत्संग में मंगलवार को भगदड़ मच गई। हादसे में 110 से ज्यादा लोगों के मरने की पुष्टि की गई है। भगदड़ के बाद हाथरस और एटा के अस्पतालों में लाशें बिखरी हुई देखी जा रही हैं। अस्पतालों के बाहर चीख पुकार मची है। सूत्रों के मुताबिक सत्संग में करीब 40 हज़ार लोग थे।

हाथरस में जिन भोले बाबा का सत्संग था वे हिमालय के भोले बाबा नहीं थे ,उन्हें तो फ़ुरसत ही कहाँ है जमीन पर आने की। हाथरस के भोले बाबा हमारे नेताओं की तरह नान-बायलोजिकल या अवनाशी हैं। साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा का असली नाम सूरज पाल सिंह है। बाबा कासगंज के पटयाली के रहने वाले हैं। करीब 17 साल पहले पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़कर सत्संग करने लगे। नौकरी छोड़ने के बाद सूरज पाल नाम बदलकर साकार हरि बन गए। अनुयायी उन्हें भोले बाबा कहते हैं। कहा जाता है कि गरीब और वंचित तबके के लोगों के बीच में इनकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी। कुछ समय में लाखों की संख्या में अनुयायियों बन गए। उत्तर प्रदेश के अलावा मध्य प्रदेश और राजस्थान में इनके अनुयायी फैले हैं।

हाथरस के भोले बाबा सबसे अलग हैं। साकार हरि बाबा अपने सत्संग में मानव सेवा का संदेश देते हैं। ज्यादातर सत्संग में लोगों से बाबा कहते हैं कि मानव की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। सत्संग में आने से रोग मिट जाते हैं, मन शुद्ध होता है, यहां पर कोई भेदभाव नहीं, कोई दान नहीं और कोई पाखंड नहीं। दावा करते हैं यहीं सर्व समभाव है यहीं ब्रह्मलोक है, यहीं स्वर्ग लोक है। अब इन भोले बाबा से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बाबा आदित्यनाथ तो जूझ नहीं सकते । उनसे इस्तीफा भी नहीं मांग सकते। खुद इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता। इस्तीफा देने के लिए नैतिकता चाहिए,जमीर चाहिए जो शायद ही किसी नेता के पास होता हो। हाथरस के भोले बाबा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा भी दर्ज नहीं हो सकता,गिरफ्तारी तो बहुत दूर की बात है । बीएनएस यानि भारतीय न्याय संहिता तो रेहड़ी-पटरी वालों के लिए बनी हा। अविनाशी और सत्यानाशी ,अवतारी इस संहिता के दायरे में नहीं आते।

इस हादसे के बाद मुख्यमंत्री जो कर सकता है सो कर ही रहा है । आगरा के अपर पुलिस महानिदेशक और अलीगढ़ के आयुक्त के नेतृत्व में टीम गठित कर दुर्घटना के कारणों की जांच के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने अगले 24 घंटों में जांच रिपोर्ट मांगी है। युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य हो रहा है।आगरा के अपर पुलिस महानिदेशक और अलीगढ़ के आयुक्त के नेतृत्व में टीम गठित कर दुर्घटना के कारणों की जांच के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने अगले 24 घंटों में जांच रिपोर्ट मांगी है। युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य हो रहा है।इस हादसे के पहले हमारी संसद में राहुल गाँधी और प्रधानमंत्री जी के बीच हिंदुत्व के हिंसक और अहिंसक होने पर बहस हो रही थी। राहुल कह रहे थे की हिन्दू हिंसक हो ही नहीं सकता लेकिन भाजपा हो सकती है। और प्रधानमंत्री जी कह रहे थे कि पूरे हिन्दू समाज को हिंसक कहना बहुत गंभीर बात है।

दरअसल भारत कृषि प्रधान नहीं बल्कि भगदड़ प्रधान देश है । यहां यदि भगदड़ न हो तो मजा ही नहीं आता। 2005 में महाराष्ट्र के मंधारदेवी मंदिर में हुई भगदड़ में 340 श्रद्धालुओं की मौत और 2008 में राजस्थान के चामुंडा देवी मंदिर हुई भगदड़ में कम से कम 250 लोगों की मौत शायद आपको याद ही न हो। हिमाचल प्रदेश के नैना देवी मंदिर में भी 2008 में ही धार्मिक आयोजन के दौरान मची भगदड़ में 162 लोगों की जान चली गई थी। आपको हाल के वर्षों में देश में मंदिरों और धार्मिक आयोजनों के दौरान भगदड़ की कुछ प्रमुख घटनाएं के बारे में बताते हैं.

हमारे अपने मध्यप्रदेश में 31 मार्च 2023: इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के अवसर पर आयोजित हवन कार्यक्रम के दौरान एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब ढह जाने से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई.एक जनवरी 2022: जम्मू-कश्मीर स्थित प्रसिद्ध माता वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के कारण मची भगदड़ में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक घायल हो गए थे। 14 जुलाई 2015 में आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी जिले में 'पुष्करम' उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर एक प्रमुख स्नान स्थल पर भगदड़ से 27 तीर्थयात्रियों की मृत्यु हो गई तथा 20 अन्य घायल हो गएथे। तीन अक्टूबर 2014 में दशहरा समारोह समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मचने से 32 लोगों की मौत हो गई थी। 13 अक्टूबर 2013 को मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि उत्सव के दौरान मची भगदड़ में 115 लोगों की मौत हो गई और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे भगदड़ की शुरुआत नदी के पुल टूटने की अफवाह से हुई जिसे श्रद्धालु पार कर रहे थे।

मै यदि आपको देश और विदेश में हुई भद्द की घटनाओं को गिनाने बैठूं तो रात हो जाएगी ,इसलिए संक्षेप में ये कहा जा सकता है कि हम यानि हमारा समाज,हमारी सरकार हादसों को याद रखने और उनसे सीख लेने की जरूरत नहीं समझती । हादसे भगवान की देन है । उनके बारे में कोई कुछ कह नहीं सकता । संसद में सवाल नहीं उठाये जा सकती । उनके लिए जांच की मांग बेमानी है । इस्तीफा मांगना अनैतिकता है इसलिए आइये हाथरस हादसे में मारे गए लोगों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जतायें। सरकार के प्रति आभार जतायें की उसने जो हो सकता था सो किया। हमें किसी का इस्तीफा-सिस्टीफ़ा नहीं चाहिए। हम हादसा प्रूफ होना ही नहीं चाहते,क्योंकि धर्म स्थलों और सत्संगों में प्राण जाना सीधा मुक्ति दिलवाता है । सरकार ये सब नहीं कर सकती। अतः इतिश्री। जय-जय शिव शंकर। कांटा लगे न कंकर।(लेखक - राकेश अचल / ईएमएस)

# नारायण साकार की चरण रज बन गई मौत का

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ से एटा को जोड़ने वाले नेशनल हाइवे 34 पर सिकन्द्राराऊ क़स्बे से क़रीब चार किलोमीटर दूर है फुलराई गांव ।इसी गांव की सैकड़ों बीघा ज़मीन में नारायण साकार उर्फ भोले बाबा के प्रवचनों के लिए टेंट लगाया गया था।निर्धारित समय पर प्रवचन शुरू हुआ और जब बाबा प्रवचन करके जाने लगे तो उनकी चरण रज पाने के लिए अचानक उनकी तरफ भीड़ उमड़ पड़ी।दोपहर ढाई बजे भीड़ के बीच मची भगदड़ में बच्चो, महिला,बुजुर्ग व युवा भी एक दूसरे के नीचे दबकर कुचले जाते रहे और देखते ही देखते 122 बाबा भक्तों की जान चली गई जबकि बाबा भीड़ में कुचले अपने भक्तों की जान बचाने के बजाए बेरहमी के साथ वहां से भाग निकले और अभी तक फरार है।इस हादसे में अधिकतर लोगों की मौत, आयोजन स्थल के उस पार हाइवे किनारे हुई है।चश्मदीदों के मुताबिक़, जो इस भगदड़ में गिरा वो उठ नहीं सका। दिन में हुई बारिश की वजह से भी मिट्टी गीली थी और फिसलन थी, इससे भी हालात और मुश्किल होते चले गए।प्रवचन स्थल पर

नारायण साकार विश्व हरि उर्फ़ भोले बाबा के निकलने के लिए अलग से रास्ता बनाया गया था। बहुत सी महिलाएं बाबा के क़रीब से दर्शन पाने के लिए खड़ी थीं।जैसे ही सत्संग समाप्त हुआ, हाइवे पर भीड़ बढ़ गई,नारायण साकार जब अपने वाहन की तरफ़ जा रहे थे, उसी समय भगदड़ मची।नारायण साकार के भक्त जब भगदड़ में फँसे थे, वो वहां रुके बिना बाबा आगे बढ़ गए। घायलों को आनन-फानन में सिकनद्राराऊ सीएचसी ले जाया गया। सीएचसी के ट्रामा सेंटर के आंगन में लाशों का ढेर लग गया था।

हाथरस में पत्रकारिता कर रहे बीएन शर्मा बताते हैं, ''मैं चार बजे यहां पहुंचा. हर जगह लाशें पड़ी हुई थीं। एक लड़की की सांस चल रही थी। उसे इलाज नहीं मिल सका और मेरे सामने ही उसने दम तोड़ दिया।''

सिकन्द्राराऊ का यह सबसे बड़ा अस्पताल है लेकिन इसकी क्षमता इतनी बड़ी संख्या में हताहतों को संभालने के लिए काफ़ी नहीं थी।नारायण साकार के सत्संग में आने वाले अधिकतर लोग कमज़ोर आर्थिक वर्ग और पिछड़ी जातियों से हैं।एक दूसरे के संपर्क में आने से ये अपने आप को बाक़ी सत्संगियों के क़रीब पाते हैं और जीवन में आ रही चुनौतियों के समाधान के लिए नारायण साकार का सहारा लेते हैं।नारायण साकार हाथरस में पिछले कुछ सालों में कई बार सत्संग कर चुके हैं और हर बार पिछली बार से अधिक भीड़ होती है जो इस बात का इशारा है कि सत्संग से जुड़ने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ''बाबा के सत्संग में मीडिया की एंट्री नहीं होती है, वीडियो बनाने पर रोक रहती है।''

सत्संग स्थल की साफ़-सफ़ाई भक्तगण ख़ुद करते हैं और बाक़ी ज़िम्मेदारियां भी स्वयं ही संभालते हैं। भीड़ के प्रबंधन से लेकर ट्रैफिक के प्रबंधन तक का काम सत्संगियों के ही जिम्मे होता है।

नारायण साकार की सुरक्षा में सत्संगियों का भारी दस्ता रहता है जो उनके इर्द-गिर्द चलता है, जिसकी वजह से नारायण साकार के क़रीब तक पहुंचना मुश्किल है।

सत्संग के दौरान बाबा के पैरों और शरीर को धोने वाले जल जिसे ये भक्त चरणामृत कहते है, इस चरणामृत को लेने की होड़ भी भक्तों में मची रहती है।भक्त बाबा के चरणों की धूल को आशीर्वाद समझते हैं और बाबा जहां से गुज़रते हैं, वहां की मिट्टी को उठाकर ले जाते हैं। जब भगदड़ मची, बहुत सी महिलाएं इसी धूल को उठाने के लिए नीचे झुकी हुईं थीं। यही वजह है कि जब भगदड़ मची, बहुत से लोगों को उठने का मौक़ा ही नहीं मिल पाया।हाथरस हादसे को लेकर प्रशासन की ओर से जारी सूची के मुताबिक मरने वालों में ज़्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं. इनमें से कई लोगों की पहचान नहीं हो पाई है।

हाथरस भगदड़ में अब तक 122 की मौत हो चुकी है। उत्तर प्रदेश के हाथरस में बाबा भोले के सत्संग में मची भगदड़ के बाद अब अस्पताल में अपनों की तलाश में लोग भटक रहे हैं। हादसे में घायल और मृतकों को अलग-अलग अस्पताल में ले जाया गया है।ऐसे में उनकी तलाश और बढ़ गई है। इस हादसे में मरने वालों की संख्या 122 तक पहुंच गई है। इनमें से कईयों की अब तक पहचान नहीं हो पाई है।इसके लिए प्रशासन की ओर मृतकों की सूची जारी की गई है। डीजीपी प्रशांत कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे और हालात का जायज़ा लिया।डीजीपी ने कहा कि इस मामले में जांच की जा रही है। साथ ही एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। जो भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई होगी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व मुख्य सचिव ने भी घटना स्थल का दौरा किया व घायलों से मिले।उत्तर प्रदेश सरकार ने मृतको के परिजनों को 2 -2 लाख रुपये व घायलों को 50-50 हजार रुपये देने की घोषणा की है।

राहत आयुक्त कार्यालय के मुताबिक मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं हैं। अधिकांश अनुयायियों की मौत दम घुटने के कारण हुई। हाल के वर्षों में हुई यह सबसे बड़ी त्रासदी है।

कुछ लोगों का कहना है कि लोग प्रवचनकर्ता की कार के पीछे भागते समय कीचड़ में फिसल गए, जिससे भगदड़ मच गई।

हाथरस जिले के फुलरई गांव में बाबा नारायण हरि द्वारा आयोजित सत्संग में शामिल होने के लिए लाखों अनुयायी पहुंचे हुए थे।बाबा नारायण हरि, साकार विश्व हरि भोले बाबा के नाम से चर्चित हैं। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं और लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं।हाथरस के सिंकदराराऊ ट्रॉमा सेंटर के बाहर दिल दहला देने वाला मंजर था। भगदड़ में जान गंवाने वालों और बेहोश लोगों को एंबुलेंस में भरकर लाया गया, एंबुलेंस कम पड़ गईं तो लोग शवों को कार में भरकर अस्पताल लाने लगे, कार कम पड़ गई तो ऑटो में घायलों और दम तोड़ चुके लोगों को लाया जाने लगा। ऑटो कम पड़ गया तो टैंपों में भरकर उन लोगों को अस्पताल लाया गया।सत्संग कराने वाला बाबा जो खुद को नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा कहता है, वो अंडरग्राउंड है। उसका कुछ पता नहीं चला है। देर रात यूपी पुलिस ने भोले बाबा की तलाश में मैनपुरी जिले के राम कुटीर चैरिटेबल ट्रस्ट में सर्च ऑपरेशन चलाया. वहीं आईजी शलभ माथुर ने कहा कि सत्संग आयोजकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घटना का दोषी कोई भी हो, वो बचेगा नहीं, उस पर कठोर कार्रवाई होगी।सत्संग में करीब 1 से डेढ़ लाख लोग शामिल हुए थे। करीब 50 से 60 बीघा खेत में पंडाल लगाया गया था। सत्संग खत्म होने के बाद लोग अचानक बाहर की ओर निकले, लेकिन एग्जिट गेट बेहद संकरा था और रास्ते में नाला था। आसपास कीचड़ थी। इसी दौरान भगदड़ मची और लोग एक के ऊपर एक नाले में गिर गए और वहां करीब डेढ़-2 घंटे तक दबे रहे।

एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि खेत में सत्संग का पंडाल लगा हुआ था। सत्संग का समापन होने के बाद गुरुजी की कार निकली। उनके चरण छूने के लिए लोग दौड़ पड़े और भगदड़ मच गई। कई लोग एक के ऊपर एक गिरते गए।साकार हरि बाबा उर्फ भोले बाबा का असली नाम सूरज पाल सिंह है। बाबा कासगंज के पटयाली के रहने वाले हैं। करीब 17 साल पहले पुलिस कांस्टेबल की नौकरी छोड़कर सत्संग करने लगे। नौकरी छोड़ने के बाद सूरज पाल नाम बदलकर साकार हरि बन गए। अनुयायी उन्हें भोले बाबा कहते हैं।सत्संग में लोगों से बाबा कहते हैं कि मानव की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। सत्संग में आने से रोग मिट जाते हैं, मन शुद्ध होता है, यहां पर कोई भेदभाव नहीं, कोई दान नहीं और कोई पाखंड नहीं। दावा करते हैं यहीं सर्व समभाव है यहीं ब्रह्मलोक है, यहीं स्वर्ग लोक है। वह महंगे गॉगल, सफेद पैंटशर्ट पहनते हैं। अपने प्रवचनों में बाबा पाखंड का विरोध भी करते हैं। चूंकि बाबा के शिष्यों में बड़ी संख्या में समाज के हाशिए वाले, गरीब, दलित आदि शामिल हैं। उन्हें बाबा का पहनावा और यह रूप बड़ा लुभाता है।भोले बाबा का आश्रम कासगंज जिले के पटियाली तहसील क्षेत्र के बहादुरनगर गांव में मौजूद है। यह उनका पैतृक गांव भी है। भोलेबाबा का बहादुर नगर में बड़ा आश्रम बना है।हादसे के बाद सब परते खुल रही है,लेकिन इससे पहले किसी ने बाबा के अतीत में झांकने की कौशिश नही की। (लेखक - डॉ. श्रीगोपाल नारसन/ ईएमएस) (लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)

## टी20 से संन्यास नहीं ले रहा : मिलर

जोहांसबर्ग (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेटर डेविड मिलर ने कहा है कि वह अभी टी20 अंतराष्ट्रीय से संन्यास नहीं ले रहे हैं। मिलर ने कहा कि इस प्रकार की जो भी खबरें आ रही हैं वे गलत हैं। इससे पहले ये अफवाह उड़ी थी विश्वकप में खिताबी मुकाबले में मिली हार से निराश मिलर ने संन्यास ले लिया है। इस आक्रामक बल्लेबाज ने सोशल मीडिया पर कहा है कि वह दक्षिण अफ्रीका के लिए इस प्रारूप में खेलते रहेंगे। मिलर के अनुसार कई मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाने की निराशा में उन्होंने संन्यास ले लिया है जो गलत है। मिलर ने अपनी कहा, मैंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास नहीं लिया है। मैं टीम के लिए उपलब्ध रहूंगा क्योंकि मेरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आना अभी शेष है।

खिताबी मुकाबले में 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका को अंतिम ओवर में 16 रन चाहिए थे। तब मिलर छक्का लगाने के प्रयास में कैच हो गये थे। इसी के साथ अफ्रीकी टीम की उम्मीदें भी समाप्त हो गयी थीं। फाइनल के बाद मिलर निराश दिखे थे। उन्होंने मैच के बाद कहा कि मैं बहुत निराश हूं। इस प्रकार की हार को स्वीकार नहीं किया जा सकता।

### शब्द पहेली - 8057



**बाएँ से दाएँ**

1. परिचय, जानना-2,4
5. वायु रोग-2
7. उत्साह, जिज्ञासा
9. कांटा, शूल
10. पिता, साधू-2
11. योद्धा जाति, राजपूत-3
14. थकान-4
16. मिसाल के तौर पर-4
20. ध्वजा, पताका-3
22. सीमा, बार्डर-2
23. बुरी आदत-2
24. समस्या, मुद्दा-3
27. जोर, दम, ताकत-2
28. दिखावटीपन, आडंबर, -3,3

**ऊपर से नीचे**

1. सीतापति, रामचंद्र-5
2. लम्हा, क्षण-2
3. धोखेबाज, दगाबाज-4
4. नलका, टौंटी-2
6. पुत्र, लड़का-3
8. कमरा, रूम-2
12. तीनों काल-3
13. पार्थिव शरीर, लाश-2
15. कजरा, अंजन-3
17. सच्चाई, सच-2
18. सेंधमार-5
19. पुचकारना, हाथ फेरना-4
20. धोखा, दगा-3
21. जरा, थोड़ा-2
25. सभी, संपूर्ण-2
26. राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2

**शब्द पहेली -8056 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# खेल - समाचार

## ओलंपिक में नजर नहीं आयेंगे मैसी

पेरिस (ईएमएस)। अर्जेंटीना के कप्तान और स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी को पेरिस ओलंपिक के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है। टीम के कोच जेवियर माशेरानो ने ओलंपिक जा रही टीम में विश्व कप में शामिल रहे स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी सहित चार खिलाड़ियों को ही शामिल किया हैं। 37 साल के मेसी अभी कोपा अमेरिका कप में अर्जेन्टीना की ओर से उतरें हैहैं। टीम का लक्ष्य 2021 में जीते गए महाद्वीपीय खिताब को बरकरार रखना है। अर्जेन्टीना ने 2021 में कोपा अमेरिका कप जीतने के बाद 2022 में विश्व कप भी जीता था। मेसी ने अब तक केवल एक बाहर ही ओलंपिक खेला हैं। साल 2008 में टीम की जीत में उनकी अहम भूमिका रही थी।

ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर-23 टीम के लिए होता है पर हर टीम में तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को भी शामिल करने की अनुमति दी जाती है। वहीं साल 2004 और 2008 में खिलाड़ी के तौर पर ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले माशेरानो कोपा के अलावा गोलकीपर गेरोनिमो रूली, ओटामेंडी और अल्वारेज को टीम में जगह दी गयी है। अर्जेंटीना की टीम ओलंपिक में अपना पहला मुकाबला 24 जुलाई को मोरक्को से खेलेगी।

## कोलंबिया और ब्राजील कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

सेंटा क्लारा (ईएमएस)।। कोलंबिया और ब्रालील की टीमें कोपा अमेरिका फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है। कोलंबियाई टीम ने डेनियल मुनोज के पहले हाफ के इंजरी टाइम में किय गोल की सहायता से ब्राजील को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। इससे वह टूर्नामेंट के ग्रुप डी में शीर्ष पर रहने के कारण क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी है। वहीं ब्राजील की टीम भी दूसरे स्थान पर रहते अंतिम आठ में पहुंच गयी है। ब्राजील की ओर से राफिन्हा ने 12वें मिनट में एक गोल कर अपनी टीम को बढ़त दियायी पर मुनोज ने पहले हाफ के इंजरी टीम में गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया जिसके बाद दोनों ही टीमें गोल करने में विफल रहीं। इस ड्रॉ के साथ ही कोलंबिया की टीम पिछले 26 मैचों से अपराजेय बनी हुई है।

कोलंबिया की टीम तीन मैच में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गयी है। वहीं ब्राजील की टीम एक जीत और दो ड्रॉ के साथ ही पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच। अब क्वार्टर फाइनल में कोलंबिया का समना पनामा जबकि ब्राजील का उरूग्वे से होगा।

## डेमिरल के गोल से तुर्की की टीम यूरो कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

लीपजिग (ईएमएस)। मेरिह डेमिरल के दो गोल की बदौलत तुर्की ने ऑस्ट्रिया को 2-1 से हराकर यूरो कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी है। तुर्की ने इस मैच में यूरो टूर्नामेंट के नॉकआउट चरणों में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया। डेमिरल ने मैच शुरु होने के 57 सेकंड बाद ही पहला गोल कर दिया। वहीं ऑस्ट्रिया ने भी गोल के प्रयास किये पर वह नहीं कर पाये।

डेमिरल ने इसके बाद एक और गोल दाग दिया जिससे तुर्की की टीम 2-0 से आगे हो गई। इसके बाद ऑस्ट्रिया ने भी आक्रमण किये पर वह तुर्की की रक्षापंक्ति को भेद नहीं पायी। ऑस्ट्रिया के हर खिलाड़ी ने बराबरी के लिए आगे आकर प्रयास किया। वहीं जबकि तुर्की ने अपने सभी खिलाड़ियों को गेंद के पीछे रखा, ताकि जवाबी हमले के अवसरों की प्रतीक्षा की जा सके।

ऑस्ट्रिया के बारिस यिलमाज को गोल का अच्छा अवसर भी मिला पर वह असफल रहे। ऐसे में तुर्की 2008 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। अब शनिवार को उसका सामना नीदरलैंड से होगा। हार से निराश ऑस्ट्रियाई कोच रैंगनिक ने कहा कि हमारी टीम अवसरों का लाभ नहीं उठा पाने के कारण हारी है।

## भारतीय टीम के चार्टर प्लेन से आज स्वदेश पहुंचने की उम्मीद

मुम्बई (ईएमएस)। टी20 विश्वकप में जीत के बाद से ही खराब मौसम और तूफान के कारण बारबाडोस में फंसी भारतीय क्रिकेट टीम अब बीसीसीआई के स्पेशल चार्टर प्लेन से भारत लौट रही है। टीम के आज सुबह उड़ान भरने की जानकारी मिली है और उसके गुरुवार सुबह तक स्वदेश पहुंचने की उम्मीद है। बारबाडोस में हाई अलर्ट जारी होने के बाद से ही सभी उड़ाने रद्द करनी पड़ी थी। अब जबकि मौसम कुछ ठीक हुआ है जिससे एयरपोर्ट आंशिक रुप से शुरु हुआ है। बीसीसीआई सचिव जय शाह भी टीम के साथ आ रहे हैं , इसके अलावा उनके साथ मीडियाकर्मी भी होंगे। ये भी यहां फंसे हुए हैं। ऐसे में बोर्ड सचिव ने इन्हें भी साथ चलने को कहा।

बीसीसीआई सचिव ने कहा था कि टीम इंडिया के साथ उनकी जिम्मेदारी मीडिया साथियों को भी बारबाडोस से सुरक्षित निकालने की है। उन्होंने टीम इंडिया के साथ सभी भारतीय मीडिया साथियों को भी चार्टर प्लेन से साथ चलने का प्रस्ताव दिया था। बीसीसीआई द्वारा उठाए गए इस कदम की मीडियाकर्मियों ने भी सराहना की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, भारतीय टीम की स्पेशल फ्लाइट गुरुवार सुबह 6 बजे नई दिल्ली में उतरेगी। टी20 विश्व कप विजेता टीम, अपने सहयोगी स्टाफ, कई बीसीसीआई अधिकारियों और खिलाड़ियों के परिवारों के साथ, तूफान बेरिल के कारण बारबाडोस में फंसी हुई है। भारतीय टीम को स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे (आईएसटी) बारबाडोस से रवाना होना था, लेकिन तूफान बेरिल के कारण इसमें देरी हुई। टीम के ब्रिजटाउन से सीधे दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। यहां पहुंचने के बाद खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सम्मानित किया जाएगा, हालांकि उस कार्यक्रम की अभी तक कोई पुष्टि नहीं हुई है।

## विंबलडन टेनिस : गत विजेता वोंड्रोसोवा पहले दौर में ही हारी

लंदन (ईएमएस)। चेक गणराज्य की मार्केटा वोंड्रोसोवा विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पहले ही दौर में हार के साथ बाहर हो गयी हैं। वोंड्रोसोवा को स्पेन की जेसिका बौजास मानीरो ने सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से हराया। साल 1994 के बाद विंबलडन टेनिस के शुरुआती दौर में हार का सामना करने वाली वह पहली मौजूदा चैंपियन है। वोंड्रोसोवा ने पिछले साल विंबलडन खिताब जीता था। 1968 में शुरू हुए खेल के ओपन युग में इससे पहले केवल एक बार ऐसा हुआ है जब गत चैंपियन खिलाड़ी पहले दौर में हार गयी हो। साल 1994 में स्टेफी ग्राफ को लोरी मैकनील ने हराया था। वोंड्रोसोवा को इस बार छठी वरीयता दी गई थी। वह 2019 फ्रेंच ओपन में उपविजेता और टोक्यो ओलंपिक में रजत पदक विजेता भी थी। वह हालांकि जेसिका के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी। पिछले महीने बर्लिन में एक टूर्नामेंट के दौरान गिरने से उनका कुल्हा चोटिल हो गया था। ये भी लगाता है कि वह इस चोट से पूरी तरह से नहीं उबर सकीं हैं। वहीं स्पेन की जेसिका ने कहा कि यह मेरे जीवन और मेरे करियर का सबसे अहम क्षण है।

## हरारे के मैदान पर बड़े स्कोर बनाना चाहेगी भारतीय टीम

हरारे (ईएमएस)। शुभमन गिल की कप्तानी में युवा खिलाड़ियों से भरी भारतीय क्रिकेट जिम्बाब्वे दौरे पर गयी है। इसमें मुख्य कोच की भूमिका पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण निभायेंगे। भारतीय टीम को इस दौर में पांच टी20 मुकाबले खेलने हैं। इसका पहला मुकाबला 6 जुलाई को होना है। सभी मैच हरारे के मैदान पर होने हैं जहां जमकर रन बनते हैं। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में अब तक 44 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच हुए हैं। यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 25 मैच जीते, जबकि पीछा करने वाली टीम ने 19 मैच जीते हैं। हरारे में एक टीम का सबसे अधिक स्कोर 229 है। सबसे कम टीम स्कोर 90 है। आयोजन स्थल पर औसत स्कोर 165 है। ऐसे में भारतीय टीम का लक्ष्य यहां बड़े स्कोर बनाना रहेगा। भारतीय टीम में शामिल युवा खिलाड़ी अधिक से अधिक रन बनाकर टीम में अपनी जगह पक्की करना चाहेंगे।

भारतीय टीम ने हरारे में अब तक खेले 5 मुकाबले जीते हैं। दोनों टीमों ने आखिरी बार 8 साल पहले हरारे के मैदन पर एक साथ खेला था। तब केदार यादव ने 58 रन की पारी खेलकर भारत को 138 रन तक पहुंचाया था। इस मैच में मेजबान जिम्बाब्वे तीन रनों से हारी थी।

सीरीज का कार्यक्रम इस प्रकार है :गुजरात की घटना से मेरी बात पर लगी मुहर...कांग्रेस ऑफिस पर हमले को राहुल गांधी ने बनाया मुद्दा, जानें क्या कहा? पहला टी20 मैच : 6 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे, दूसरा टी20 मैच : 7 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे,तीसरा टी20 मैच : 10 जुलाई, हरारे, शाम 9:30 बजे, चौथा टी20 मैच : 13 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे, वां टी20 मैच : 14 जुलाई, हरारे, शाम 4:30 बजे

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद,पहली बार 80,074 के रिकार्ड स्तर पर पहुंचने के बाद फिसला

मुम्बई (ईएमएस)। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही बैंकिंग और एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी हावी होने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई

सूचकांक सेंसेक्स 632.85 अंक करीब 0.79 फीसदी बढ़कर दिन में पहली बार 80,074.30 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया पर अंत में ये कुछ नीचे आकर 80,000 के स्तर के करीब 79,986.80 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 162.65 अंक तकरीबन 0.67 फीसदी बढ़कर 24,286.50 के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। दिन के दौरान, यह 183.4 अंक करीब 0.76 फीसदी बढ़कर 24,307.25 के नए रिकॉर्ड शिखर पर पहुंच गया।

आज कारोबार के दौरान अदाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस और टाटा स्टील के शेयर ऊपर आये जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर नीचे आये हैं।

वहीं एशियाई बाजारों की बात करें तो सियोल, टोक्यो और हांगकांग के बाजार में उछाल आया जबकि चीन के शंघाई में गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में बढ़त रही। अमेरिकी बाजार गत दिवस बढ़त के साथ बंद हुए। गत दिवस बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ था।

वहीं आज सुबह बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई और उसने नई ऊंचाइयों पर खुलकर एक नया रिकॉर्ड बनाया। सेंसेक्स पहली बार 80,000 का स्तर पार किया और 80,039 अंकों के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। वहीं निफ्टी50 इंडेक्स 169 अंकों की तेजी के साथ 24,292 के नए उच्चतम स्तर पर पहुंचा। दूसरी ओर अमेरिकी बाजारों में डॉव जोन्स में 0.41 फीसदी, एसएंडपी में 0.62 फीसदी और नैस्डैक कंपोजिट में 0.84 फीसदी की वृद्धि हुई।

## सोना 71,700, चांदी भी 88 हजार के पार

नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत बुधवार को तेज रही। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 71,700 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 88,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वै?श्विक बाजार में सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 159 रुपये की तेजी के साथ 71,713 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 167 रुपये की तेजी के साथ 71,721 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क जुलाई कॉन्ट्रेक्ट 404 रुपये की तेजी के साथ 88,286 रुपये पर खुला। इस समय यह 540 रुपये की तेजी के साथ 88,422 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै?श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। कॉमेक्स पर सोना 2,338.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,333.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 3.80 डॉलर की तेजी के साथ 2,337.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29.81 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 29.65 डॉलर था। इस समय यह 0.20 डॉलर की तेजी के साथ 29.85 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# बजरंग ने नाडा पर लगाये गंभीर आरोप

नई दिल्ली (ईएमएस)। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया ने आरोप लगाया है कि नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) उनका करियर समाप्त करना चाहती है। इसलिए उन्हें एक ही मामले को लेकर दो-दो बार निलंबित किया गया है। बजरंग के अनुसार नाडा ने सभी तथ्यों को परे रखकर काम किया है। इससे साफ है कि उन्हें परेशान कर खेल छोड़ने के लिए विवश किया जा रहा है।

बजरंग को नाडा ने पहले 5 मई और उसके बाद 23 जून को दोबारा निलंबित कर दिया था। इसके साथ ही उन्हें नोटिस देकर 11 जुलाई तक जवाब देने को कहा है। वहीं बजरंग ने कहा कि नाडा नहीं चाहता कि कोई उनके गलत तरीकों पर सवाल उठाए और अगर कोई ऐसा करता है तो उसे निशाना बनाकर बाहर कर दिया जाता है। साथ ही सवाल किया कि नाडा एक्सपायर हो चुकी किट के बारे में जवाब क्यों नहीं देता है। वो इस बात का जवाब क्यों नहीं देते हैं कि कैसे एक गलत किट उन्हें दी गयी। इसके अलावा सैंपल कलेक्शन के लिए मुझपर दबाव बनाया। नाडा इस बात का जवाब क्यों नहीं देता कि दो मैचों के बीच सैंपल कलेक्शन के लिए मुझपर दबाव दिया गया, जबकि उन्हें पता था कि मेरे पास अगली कुश्ती की तैयारी करने के लिए केवल 20 मिनट थे। वहीं नाडा का कहना है कि बजरंग को जांच के लिए सैंपल नहीं देने के लिए निलंबित किया गया था।

# रूस जा रहे पीएम मोदी......इस बाहुबली के सौदे पर हो सकती बात

मास्को (ईएमएस)। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8-9 जुलाई को रूस की यात्रा पर जा रहे हैं। पीएम मोदी की मास्को यात्रा को इस नजरिए से देखा जा रहा है कि वे दुनिया को यह संदेश देना चाहते हैं कि भारत और रूस की दोस्ती कमजोर नहीं हुई है। माना जा रहा है कि इस बातचीत के दौरान पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट को लेकर चर्चा हो सकती है। पुतिन रूस के सुखोई-57 को लेकर पीएम मोदी से बातचीत कर सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक पीएम मोदी और पुतिन के बीच बातचीत में एक लॉजिस्टिक सप्लाई समझौते को शामिल किया जा सकता है जो दोनों देशों की सेनाओं के बीच में होगा। इसके अलावा पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट के संयुक्त विकास पर फिर से बातचीत शुरू करने तथा परमाणु ऊर्जा पर सहयोग को बढ़ाने पर भी बातचीत होगी है। उन्होंने बताया कि दोनों ही देश फिर से रक्षा सहयोग को बढ़ाने पर काम कर रहे हैं जो पेमेंट में दिक्कत और भारत के पश्चिमी प्रतिबंधों के डर की वजह से यह रुक गया था। अब रूस और भारत के बीच पेमेंट का विवाद खत्म हो गया है।

सूत्र बताते हैं कि भारत का पांचवीं पीढ़ी के फाइटर जेट के लिए फिर से बातचीत शुरू करना कई कारणों से एक तर्कपूर्ण फैसला है। इस पांचवीं पीढ़ी के नए फाइटर जेट को सुखोई 57 के आधार पर ही बनाया जाना है। वहीं भारतीय वायुसेना दो सीटों वाले फाइटर जेट को चाहती थी। इस कारण भारत ने खुद को सुखोई-57 के प्रोग्राम से खुद को अलग कर लिया था। हालांकि बाद में इस खरीदने के विकल्प को भारत ने खुला रखा था। सूत्र ने कहा कि इसके बाद से रूस ने भारतीय वायुसेना की बताई हुई कमियों को दूर किया है और ऑपरेशनल टेस्टिंग की है। सुखोई 57 के ताजा वेरिएंट में दो इंजन है जो सुखाई को सुपरक्रूज क्षमता प्रदान करता है। भारत और रूस के बीच यह बातचीत तब शुरू हो सकती है

## 6700 करोड़पतियों का नया आशियाना बनने को तैयार दुबई

दुबई (ईएमएस)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का व्यापारिक केंद्र दुबई दुनिया भर के अमीरों के आकर्षण का केंद्र है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुबई में इस साल 6700 करोड़पतियों के आने का अनुमान है। अब दुबई में आने वाले अमीर लोगों की संख्या अमरीका से लगभग दोगुना है। अमरीका में इसतरह के 55 लाख लोग 10 लाख डॉलर या उससे अधिक की संपत्ति रखते हैं।

दुबई व्यापार करने के लिए आसान जगह होने के साथ ही दुनिया में लगभग हर जगह के लिए यहां से सुविधाजनक उड़ानें है। इसकी सड़कें न्यूयॉर्क या लंदन की तुलना में ज्यादा साफ-सुथरी और अधिक सुरक्षित हैं। दूसरा यह विदेशी अमीरों को इसलिए भी अपनी ओर आकर्षित करता है क्योंकि यहां पर आय, संपत्ति या पूंजीगत लाभ पर कोई टैक्स नहीं लगता है। रिपोर्ट में कहा गया है लंबे समय से पड़ोसी देशों के अमीर रूसियों, भारतीयों और अरबों के लिए एक शरणस्थल रहा दुबई अब मुगल प्रवासियों के एक नए समूह को आकर्षित कर रहा है।फ्रांस में कट्टर-दक्षिणपंथी सरकार के सत्ता में आने की खबरों के बाद फ्रांस के अमीर दुबई में बसने के लिए ब्रोकर और एजेंटों को कॉल कर रहे हैं। 2024 के पहले तीन महीनों में दुबई में भारतीयों के साथ-साथ फ्रांसीसी और इटालियंस घर खरीदने में सबसे ज्यादा उत्साहित थे।

कहा जा रहा है कि फरवरी माह में यूरोपीय लोगों ने दुबई ने अपनी ओर एकाएक खींच लिया जब यहां एक अंतर-सरकारी निकाय, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफ.ए.टी.एफ.) ने मनी-लॉन्ड्रिंग और अन्य वित्तीय शरारती लोगों द्वारा पसंद किए जाने वाले संदिग्ध स्थानों की अपनी ग्रे सूची से हटा दिया। दुबई को यूरोपियन अमीरों द्वारा तरजीह देने का एक और कारण यह है कि गाजा पट्टी पर चल रहे संघर्ष के बीच अब इजरायल और हिज्बुल्लाह के बीच लड़ाई तेज हो गई है।

# देश पर कर्ज ज्यादा, लेकिन स्थिरता की समस्या नहीं: पूनम गुप्ता

नई दिल्ली (ईएमएस)। एनसीएईआर की महानिदेशक पूनम गुप्ता ने कहा कि भारत का सार्वजनिक ऋण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का लगभग 82 प्रतिशत है, लेकिन उच्च वृद्धि दर तथा भारतीय मुद्रा में ऋण अधिक होने से देश को ऋण स्थिरता की समस्या नहीं झेलना पड़ रहा है। एनसीएईआर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गुप्ता ने कहा कि भारत का उच्च ऋण स्तर फिलहाल सतत है, क्योंकि वास्तविक या नाममात्र जीडीपी अधिक है और अधिकतर कर्ज रुपये में है। कुल ऋण में से एक तिहाई राज्यों के पास है। सामान्य स्थिति में अगले पांच वर्षों में उनके ऋण स्तर में और वृद्धि ही होगी। उन्होंने कहा ?कि पंजाब और हिमाचल प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में ऋण-जीडीपी अनुपात 50 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। गुप्ता ने कहा कि सबसे अधिक कर्जदार राज्यों सहित अन्य राज्यों को भी स्थिरता की समस्या का सामना नहीं करना पड़ता है, क्योंकि उनके पास केंद्र की अंतर्निहित गारंटी होती है और राज्य विदेशी मुद्रा या फ्लोटिंग दर पर ऋण नहीं रख सकते हैं। राज्यों की राजकोषीय चुनौतियां विषय पर आयोजित चर्चा में हिस्सा लेते हुए तक्षशिला संस्थान के पार्षद एम. गोविंद राव ने राज्यों पर बढ़ते कर्ज का एक कारण चुनाव में फायदे के लिए सब्सिडी बढ़ाने को भी बताया। वित्त वर्ष 2022-23 तक पंजाब, हिमाचल प्रदेश तथा बिहार शीर्ष तीन सबसे अधिक ऋणी राज्य थे जबकि सबसे कम कर्ज ओडिशा, महाराष्ट्र और गुजरात राज्य पर था।

# नेपाल में प्रधानमंत्री प्रचंड नहीं छोड़ना चाहते पद, विश्वास मत का करना चाहते हैं सामना

काठमांडू,(ईएमएस)। भारत के पड़ोसी देश नेपाल में एक बार फिर राजनीतिक अस्थिरता का सामना कर रहा है। नेपाल के पीएम पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है। नेपाल के सबसे बड़े दो दलों नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल के नया गठबंधन बनाने के बाद प्रचंड सरकार अल्पमत में आ गई है। इसके बावजूद प्रचंड प्रधानमंत्री पद छोड़ने को तैयार नही हैं। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के सचिव गणेश शाह ने बताया कि पार्टी पदाधिकारियों की पीएमओ में हुई बैठक में प्रचंड ने कहा कि वह पद से इस्तीफा देने के बजाय संसद में विश्वास मत का सामना करना पसंद करेंगे। प्रचंड ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में संसद में तीन बार विश्वास मत हासिल किया है।

नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल ने नई राष्ट्रीय सर्वसम्मति सरकार बनाने के लिए एक समझौता किया है। नेपाल के प्रतिनिधि सदन में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के पास 89 सीटें हैं जबकि सीपीएन-यूएमएल के पास 78 सीटें हैं। दोनों दलों को मिलाकर संख्या 167 है जो 275 सदस्यीय सदन में बहुमत के लिए 138 सीटों के आंकड़े के लिए पर्याप्त है।

नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष और पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली ने नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए। देउबा और ओली संसद के बचे हुए कार्यकाल के लिए बारी-बारी से पीएम बनने पर सहमत हो गए हैं। सूत्रों ने बताया कि मौजूदा गठबंधन को बचाने के लिए पीएम प्रचंड और सीपीएन-यूएमएल प्रमुख ओली के बीच बातचीत विफल हो गई है।

# म्यांमार में सेना और विद्रोहियों के बीच फिर जंग.....भारत मिजोरम को लेकर चिंतित

रंगून (ईएमएस)। म्यांमार में सेना और विद्रोहियों के बीच जारी जंग फिर से भारत की सीमा के पास पहुंच गई है। जिससे इसकी आशंका बढ़ गई है कि इसका असर भारतीय राज्य मिजोरम तक पहुंच सकता है। म्यांमार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा कर चुके व्रिदोहियों ने सरकारी सेना को अन्य हिस्सों से भी उखाड़ फेंकने के लिए नया सैन्य अभियान शुरू किया है।

रिपोर्ट के अनुसार वहीं विद्रोहियों के दो गुटों के बीच में आपस में भी लड़ाई शुरू हो गई है। इससे हालात और ज्यादा खराब हो गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय सेना ने चिन राज्य में चल रही गतिविधियों को लेकर पूरी सतर्कता बरत रखी है और हालात पर नजर बनाए हुए है। म्यांमार का चिन राज्य देश के सबसे गरीब इलाके में आता है। चिन राज्य और मिजोरम राज्य के बीच में 510 किमी लंबी खुली सीमा है जहां कोई बाड़ नहीं लगी है। एक भारतीय सैन्य अधिकारी ने बताया कि ताजा लड़ाई सेना और विद्रोहियों के बीच में बांग्लादेश की सीमा के करीब हुई है, लेकिन हम इस विद्रोह को हल्के में नहीं ले सकते हैं। एक दूसरे सूत्र ने कहा कि चिन राज्य में हालात बहुत तेजी से बदल रहे हैं। उन्होंने बताया कि जुंटा सेना ने एक नदी पुल को उड़ाया था जिससे मिजोरम और म्यांमार के बीच व्यापार जून से बंद है। विद्रोहियों के कई इलाकों मे आगे बढ़ने के बाद चिन राज्य में सुरक्षा के हालात बहुत खराब हैं। पीपुल्स डिफेंस फोर्स ने दावा किया है कि उसने जुंटा सेना के एयर डिफेंस बटालियन और 8 अन्य सैन्य अड्डों को मांडले में जब्त कर लिया है। म्यांमार की निर्वासित सरकार ने बताया कि ताजा लड़ाई पूर्वी शान राज्य में भी शुरू हो गई है जहां सरकारी सेना ने चीन के कराए सीजफायर का उल्लंघन किया था। बता दें कि भारतीय विदेश मंत्री म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध पर गहरी चिंता जाहिर की है। भारत ने मदद का ऑफर भी दिया है।

# दिल खोलकर खर्च कर रहे लोग.....हम नहीं आरबीआई कह रहा

मुंबई (ईएमएस)। इनदिनों लोग देश में खुल कर खर्च कर रहे हैं। तभी बीते तीन साल में क्रेडिट कार्ड का खर्च तीन गुना बढ़कर 18 लाख रुपये से भी ऊपर चला गया है।देश में क्रेडिट कार्ड का उपयोग कितनी तेजी से बढ़ रहा है, इसका अंदाजा रिजर्व बैंक के आंकड़ों से लगाता है। आंकड़ों के मुताबिक पिछले तीन वर्षों के दौरान क्रेडिट कार्ड ट्रांजेक्शन तीन गुना बढ़ा है। यह मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के दौरान 18.31 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह तीन साल पहले, मार्च 2021 में, 6.30 लाख करोड़ रुपये था। उल्लेखनीय है कि भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड से उत्पन्न समस्याओं से बाहर आ गई है। इस समय उपभोक्ताओं के विश्वास में लगातार वृद्धि हो रही है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2021 को समाप्त वर्ष के दौरान क्रेडिट कार्ड लेनदेन का मूल्य 6.30 लाख करोड़ रुपये था। यह मार्च 2022 में बढ़कर 9.71 लाख करोड़ रुपये और मार्च 2023 तक 14.32 लाख करोड़ रुपये हो गया। अब यह 18 लाख करोड़ रुपये के पार चला गया है। वर्तमान में कार्ड यूजर्स का मासिक खर्च 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

आरबीआई के आंकड़ों से साफ होता है कि बैंकों द्वारा जारी किए गए क्रेडिट कार्ड की संख्या भी मार्च 2024 तक तेजी से बढ़कर 10.18 करोड़ हो गई है। एक साल पहले यानी मार्च 2023 में यह संख्या 8.53 करोड़ और मार्च 2022 में 7.36 करोड़ और मार्च 2021 में 6.20 करोड़ थी। जिस तरह से लोग क्रेडिट कार्ड से खर्च खूब कर रहे हैं, उसी तरह उनका बकाया भी बढ़ रहा है। मई 2024 तक क्रेडिट कार्ड का बकाया 2,67,979 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि 2022 में यह 1,61,512 करोड़ रुपये था।

देश के बैंकिंग सेक्टर में सबसे आगे स्टेट बैंक है। लेकिन क्रेडिट कार्ड सेगमेंट में निजी बैंकों का दबदबा है। एचडीएफसी बैंक 2.11 करोड़ क्रेडिट कार्ड के साथ शीर्ष कार्ड जारीकर्ता है। भारतीय स्टेट बैंक का नंबर इसके बाद ही है। इस बैंक ने अब तक 1.91 करोड़ कार्ड जारी किए हैं। इसके बाद आईसीआईसीआई बैंक 1.7 करोड़ कार्ड और एक्सिस बैंक के 1.43 करोड़ कार्ड हैं। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, एचडीएफसी बैंक ने मई 2024 के महीने में 16,251 करोड़ रुपये के पॉइंट ऑफ सेल (पीओएस) ट्रांजेक्शन और 25,155 करोड़ रुपये के ई-कॉमर्स कार्ड यूज की सूचना दी है।

# न्यूयॉर्क में 'भारत दिवस के मौके पर प्रदर्शित होगी राम मंदिर की प्रतिकृति

न्यूयॉर्क (ईएमएस)। न्यूयॉर्क में 'भारत दिवस के मौके पर 18 अगस्त को होने वाली परेड में राम मंदिर की प्रतिकृति प्रदर्शित की जाएगी। आयोजन में न्यूयॉर्क और उसके आसपास से हजारों भारतीय अमेरिकी शामिल होने वाले हैं। विश्व हिन्दू परिषद अमेरिका (विहिप) के महासचिव अमिताभ मित्तल ने बताया कि मंदिर की प्रतिकृति 18 फुट लंबी, नौ फुट चौड़ी और आठ फुट ऊंची होगी। यह पहली बार होगा जब राम मंदिर की प्रतिकृति अमेरिका में प्रदर्शित की जाएगी।

न्यूयॉर्क में हर वर्ष 'भारत दिवस' पर होने वाली यह परेड भारत के बाहर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर सबसे बड़ा आयोजन है। यह परेड हर साल मिडटाउन न्यूयॉर्क में 'ईस्ट 38 स्ट्रीट' से 'ईस्ट 27 स्ट्रीट' तक निकाली जाती है जिसे 1,50,000 से अधिक लोग देखने आते हैं। 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन' (एफआईए) द्वारा आयोजित परेड में विभिन्न भारतीय अमेरिकी समुदायों और उनकी संस्कृति की विविधता का प्रतिनिधित्व करने वाली ढेर सारी झांकियां न्यूयॉर्क की सड़कों पर देखने को मिलेंगी।

# पीएम नेतन्याहू का बड़ा दावा, हमास के अंत के करीब पहुंची सेना

तेलअवीव (ईएमएस)। इजरायल और हमास के बीच संघर्ष जारी है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने बड़ा दावा किया है। पीएम नेतन्याहू कहा कि आईडीएफ हमास की सैन्य शाखा को पूरी तरह खत्म करने के करीब है। वहीं अमेरिका के ऐसा नहीं चाहता है। क्योंकि अमेरिका ने चेतावनी देकर कहा कि हमास के खत्म होने से एक वैक्यूम बन जाएगा, जो क्षेत्र में अस्थिरता पैदा कर देगा। नेतन्याहू ने यह बात तब कही जब राफा में लड़ाई खत्म होती दिख रही थी। गाजा में रखे गए बाकी बंधकों की रिहाई तक बातचीत आगे नहीं बढ़ी है।

नेतन्याहू के बयान के जवाब में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा, हमने इजरायलियों को गाजा में अपने अभियानों में एक महत्वपूर्ण गिरावट के बारे में बात करते सुना है। यह देखने वाली बात होगी। उन्होंने कहा, यह संघर्ष समाप्त हो जाएगा, लेकिन गाजा में वैक्यूम को खत्म नहीं कर सकेगा और न ही यहां वैक्यूम होना चाहिए।

उन्होंने कहा, अमेरिका ने इजरायल को बता दिया है कि संघर्ष के बाद के प्लान की जरूरत है। जिसमें गाजा के शासन, इसकी स्पष्ट सुरक्षा, फिलिस्तीनियों के जीवन के निर्माण में मदद शामिल हो। लेकिन अभी तक हमने ऐसा कुछ होते नहीं देखा है। हालांकि हमास ने साफ कर दिया है कि बंधकों की रिहाई तब तक नहीं हो सकती जब तक कि इजरायल पूरी तरह से युद्ध को खत्म न कर दे।

## तुर्की में सीरिया विरोधी दंगे, 474 लोगों को हिरासत में लिया

अंकारा (ईएमएस)। तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि दो दिन पहले पूरे देश में सीरियाई शरणार्थियों के खिलाफ भड़काऊ विरोध प्रदर्शन के लिए 474 और संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार गृह मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि 30 जून को तुर्की के मध्य कायसेरी प्रांत में एक सीरियाई व्यक्ति ने एक सीरियाई लड़की के साथ छेड़छाड़ की। इसके बाद सोमवार रात देश भर के कुछ शहरों में सीरियाई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## ईवी को समर्थन देने वाली नीति 8-10 साल तक रहे जारी: मर्सडिज-बेंज

जयपुर (ईएमएस)। मर्सडिज-बेंज इंडिया चाहती है कि सरकार अगले 8 से 10 साल के लिए इलैक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का समर्थन करने वाली नीतियों को जारी रखने को प्रतिबद्ध हो। कंपनी के एक व?रिष्ठ अ?धिकारी ने कहा कि शून्य उत्सर्जन वाले वाहनों की दिशा में स्थिर और बेहतर योजना बनाने के लिए ऐसा करना जरूरी है। कंपनी को लगता है कि इलेक्ट्रिक वाहनों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन को हाइब्रिड वाहनों के लिए देने से उत्सर्जन मुक्त वाहनों को अपनाने की समयसीमा बढ़ जाएगी। कंपनी का ईवी प्रसार 2024 की पहली तिमाही में 2.5 प्रतिशत से बढ़कर 6 प्रतिशत हो गया। मर्सडिज-बेंज ने कहा कि इस साल पेश होने वाले 3 नए ईवी मॉडल के साथ यह गति आगे भी जारी रहेगी, जिसकी शुरुआत अगले सप्ताह ईक्यूए से होगी। उन्होंने कहा कि इलैक्ट्रिक वाहनों के लिए सरकार ने पहले ही पांच प्रतिशत जीएसटी कर दिया है, जबकि परंपरागत पेट्रोल-डीजल इंजन पर 48-50 प्रतिशत जीएसटी है।

# पेट्रोल-डीजल यूपी-बिहार सहित कई राज्यों में हुआ महंगा

नई ?दिल्ली (ईएमएस)। तेल कंपनियों ने ?बुधवार को पेट्रोल-डीजल की नई दरें जारी कर दी है। जिसके मुताबिक कई राज्यों में पेट्रोल डीजल की कीमतें घट गई हैं तो वहीं देश के कुछ राज्यों में पेट्रोल-डीजल महंगा भी हो गया है। इसके अलावा कई ऐसे राज्य हैं जहां पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। वहीं अगर राज्य स्तर पर बात करें तो बुधवार को बिहार और यूपी सहित कई राज्यों में पेट्रोल-डीजल महंगा हो गया है। बिहार में पेट्रोल 50 पैसे बढ़कर 107.31 रुपये प्रति लीटर और डीजल 47 पैसे बढ़कर 94.02 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। यूपी में पेट्रोल 5 पैसे बढ़कर 94.57 रुपये प्रति लीटर और डीजल 5 पैसे बढ़कर 87.64 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है।

वहीं महाराष्ट्र में पेट्रोल के दाम 19 पैसे घटकर 104.53 रुपये प्रति लीटर और डीजल 18 पैसे घटकर 91.06 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल की कीमत 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर और चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 100.98 रुपये और डीजल 92.56 रुपये प्रति लीटर है।

# पाकिस्तान में नासूर बना आंतक,380 मौतें

लौहार (ईएमएस)। पाकिस्तान में 240 आतंकी घटनाओं और आतंकवाद विरोधी अभियानों के परिणामस्वरूप हिंसा से जुड़ी 380 मौतें और नागरिकों, सुरक्षा कर्मियों और अपराधियों के बीच 220 चोटें दर्ज की गईं। एक रिपोर्ट के अनुसार, खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत हिंसा के केंद्र थे, इस दौरान लगभग 92 प्रतिशत मौतें और 87 प्रतिशत हमले (आतंकवाद और संचालन की घटनाओं सहित) हुए। रिपोर्ट में बताया गया कि पूरे पाकिस्तान में हिंसा और हताहतों की दर में उल्लेखनीय कमी देखी गई और देश में समग्र हिंसा में 12 प्रतिशत की कमी देखी गई, जिसमें पहली तिमाही में 432 की तुलना में 380 मौतें दर्ज की गईं।

सबसे उल्लेखनीय सुधार बलूचिस्तान में देखा गया, जहां हिंसा में 46 प्रतिशत की कमी आई, इस वर्ष की पहली तिमाही में मृत्यु दर 178 से घटकर दूसरी तिमाही में 96 रही। हालाँकि, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा में पिछली तिमाही की तुलना में क्रमशः 13 और 31 मौतों की वृद्धि के साथ हिंसा में वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि नागरिकों, सरकारी अधिकारियों और सुरक्षा कर्मियों को कुल मौतों में से 62 प्रतिशत का नुकसान हुआ, जो डाकूओं के बीच 38 प्रतिशत की घातक क्षति से काफी अधिक है। सांप्रदायिक हिंसा के कारण करीब 11 लोगों की जान चली गई।

# 'बेरिल' तूफान ने किया जमैका का रुख, अब तक छह लोगों की मौत

जमैका,(ईएमएस)। दक्षिण-पूर्वी कैरेबियाई द्वीप समूह में तबाही मचाने के बाद तूफान 'बेरिल' अब जमैका की ओर बढ़ गया है। इसके कारण कम से कम छह लोगों की मौत हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक जमैका, ग्रांड केमैन, लिटल केमैन और केमैन ब्राक में तूफान की चेतावनी दी है। बेरिल की तीव्रता कम हो रही है लेकिन पूर्वानुमान है कि जब यह तूफान गुरुवार को केमैन द्वीप के पास और शुक्रवार को मेक्सिको के युकाटन प्रायद्वीप के पास से गुजरेगा तब भी यह शक्तिशाली हो जाएगा।

विगत दिवस बेरिल मजबूत हो गया था जिसके कारण 270 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। इसके बाद यह तूफान के रूप में कमजोर हो गया लेकिन अब भी ताकतवर है। मंगलवार रात को तूफान जमैका के किंगस्टन से करीब 480 किलोमीटर पूर्व-दक्षिणपूर्व में था। बेरिल से जमैका में खतरनाक गति से हवा चलने और समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका है और अधिकारियों संवेदनशील इलाकों में रह रहे लोगों को मकान खाली करने को कहा है।

जमैका के पीएम एंड्रयू होलनेस ने कहा कि सभी जमैका वासी तूफान को गंभीर खतरे के रूप में लें। घबराने की बात नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि तूफान के कारण ग्रेनाडा और कैरियाकोउ में तीन लोगों की मौत हुई है। उत्तरी वेनेजुएला में दो और लोगों के मारे जाने की सूचना है वहीं पांच लोगों के लापता होने की खबर हैं। ग्रेनाडा में एक मकान पर पेड़ गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# देश की अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही में भी मजबूत रहेगी: नोमुरा

नई दिल्ली (ईएमएस)। मजबूत आर्थिक विकास दर और महंगाई कम रहने के कारण व्यापक स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था की जड़ें वित्त वर्ष 25 की दूसरी छमाही में मजबूत रहेंगी। यह बात ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म नोमुरा की ओर से कही गई। नोमुरा ने कहा कि भारत में रिटेल महंगाई दर वित्त वर्ष 25 की पहली तिमाही में 4.8 प्रतिशत पर आ गई है, जो कि वित्त वर्ष 24 के अंत में 5.7 प्रतिशत थी। ला नीना, चावल के पर्याप्त भंडार और दालों का उत्पादन बढ़ने के कारण खाद्य पदार्थों की महंगाई दर में भी कमी देखने को मिल सकती है। नोमुरा के ?विशेषज्ञ ने आने वाले बजट को लेकर कहा है कि इसमें फोकस पूंजीगत व्यय और राजकोषीय समेकन पर हो सकता है। ब्रोकरेज का फोकस मैन्युफैक्चरिंग और खपत से जुड़ी निवेश थीम्स पर है। नोमुरा ने कहा कि बजट सरकार की दिशा को दिखाएगा। इसमें पहले के मुकाबले कोई ज्यादा बदलाव नहीं देखने को मिलेगा। बता दें कि केंद्र में नई सरकार के बनने के बाद पूर्ण बजट इसी महीने पेश किया जाना है। मौजूदा समय में भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही है।

वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की जीडीपी की विकास दर 8.2 प्रतिशत थी, जो कि चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। नोमुरा का कहना है कि भारत में सुधार राजनीति की कसौटी पर खरे उतरे हैं। हमारा मानना है कि सरकार सुधारों की गति जारी रकेगी। जमीन और श्रम से जुड़े कठिन सुधार को राज्यों पर छोड़ दिया जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव काफी मजबूत है। देश की वृद्धि दर तेज बनी हुई है। महंगाई कम हो रही है और साथ ही चालू खाते की स्थिति भी उत्साह पैदा करने वाली है।

## जापान ने दो दशक में पहली बार नए बैंक नोट जारी किए

तोक्यो (ईएमएस)। जापान ने दो दशक में पहली बार बुधवार को नए बैंक नोट जारी कर ?दिए हैं। इनमें जालसाजी से निपटने के लिए 3-डी होलोग्राम प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया है। प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा ने 10,000 येन, 5,000 येन और 1,000 येन के नए नोट की अत्याधुनिक जालसाजी-रोधी विशेषताओं की प्रशंसा करते हुए इसे ऐतिहासिक करार दिया। बैंक ऑफ जापान में उन्होंने पत्रकारों से कहा ?कि मुझे उम्मीद है कि लोगों को नए नोट पसंद आएंगे और वे जापानी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होंगे। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार नए नोट के साथ पहले से चलन में मुद्रा भी वैध रहेगी। बैंक ऑफ जापान के गवर्नर काजुओ उएदा ने कहा ?कि हालांकि दुनिया नकदी रहित लेन-देन की ओर बढ़ रही है, लेकिन हमारा मानना है कि कहीं भी तथा कभी भी सुरक्षित भुगतान के लिए नकदी अब भी महत्वपूर्ण है।

# अमेरिका में नजर आया यूएफओ, जो उड़ नहीं सड़क पर दौड़ रहा था

-लोग हैरान, पुलिस ने यूएफओ वीडियो वायरल कर किया खुलासा

सैन फ्रांसिस्को,(ईएमएस)। एलियंस होते हैं या नहीं, इसे लेकर सालों से बहस छिड़ी हुई है। लेकिन आजतक कोई सबूत नहीं मिला और न ही किसी आधिकारिक रुप से एलियंस होने या न होने की पुष्टि की गई है। वहीं सोशल मीडिया पर कई ऐसे वीडियो वायरल होते हैं, जिसमें एलियंस होने का दावा किया जाता है। अमेरिका में एलियंस के दिखने या यूएफओ स्पॉट की खबरें अक्सर सामने आती रहती हैं।

एक बार फिर एक ऐसी ही घटना सामने आई है। अमेरिका के मिसौरी में एक घटना घटी उसने वहां मौजूद लोगों को हैरान में डाल दिया। यहां सड़क पर एक यूएफओ जैसी चीज़ दौड़ती हुई दिखाई दी। सड़क पर यूएफओ उड़ नहीं रहा बल्कि दौड़ रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक ये अजीबोगरीब नज़ारा अमेरिकन राज्य मिसौरी की क्रॉफोर्ड काउंटी में हुई, जिसे पुलिस अधिकारियों ने सार्वजनिक किया है। यहां रोज़वेल फेस्टिवल के लिए जा रहे लोगों के बीच कार की जगह एक ऐसा वाहन दिखा, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। ये यूएफओ की तरह था और उसके खुलने के लिए ऊपर की ओर ढक्कन भी था। पुलिस ने इसकी स्पीड की वजह से इसे रास्ते में ही रोक लिया, फिर यूएफओ जैसे इस वाहन से ड्राइवर के तौर पर एक इंसान निकला।

पुलिस को ये समझते देर नहीं लगी कि ये ड्राइवर की क्रिएटिविटी है, जिसने कार को ही एक उड़न तश्तरी का लुक दे दिया है. फेसबुक पर ये घटना शेयर करते हुए पुलिस ने लिखा-'आप नहीं जान सकते हैं कि आपको क्रॉफोर्ड काउंटी में क्या मिल जाएगा। ये वास्तव में इस दुनिया से अलग की चीज़ है। उन्होंने कहा कि ये बेहद अजीब था लेकिन लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट दे गया। लोगों ने इस पोस्ट पर दिलचस्प रिएक्शन दिए और शख्स की खूब तारीफ की जिसने इस तरह की क्रिएटिविटी की है।

# बाइडन की तुलना में हैरिस जीत सकती है अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव!

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस यदि राष्ट्रपति पद के चुनाव में खड़ी होती हैं तो राष्ट्रपति जो बाइडन की तुलना में उनके जीतने की संभावना ज्यादा है। एक सर्वेक्षण में कहा गया है। बाइडन देश के अगले राष्ट्रपति के रूप में रेटिंग पिछले सप्ताह अटलांटा में डोनाल्ड ट्रंप साथ हुई बहस में उनके निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गिर गई है। पहली बहस के बाद से अब सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी मांग कर रही है कि बाइडन को पीछे हट जाना चाहिए और राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए पार्टी की ओर से किसी अन्य उम्मीदवार को मौका देना चाहिए।

एक मीडिया सर्वेक्षण के मुताबिक ट्रंप लोकप्रियता के मामले में बाइडन से छह अंक आगे हैं। सर्वेक्षण में हैरिस और ट्रंप के बीच काल्पनिक मुकाबले को लेकर भी सर्वेक्षण कराया गया जिसमें 47 फीसदी पंजीकृत मतदाता ट्रंप का समर्थन करते हैं जबकि 45 फीसदी हैरिस के समर्थक हैं यानी उनके आमने-सामने होने की स्थिति में मुकाबला नजदीकी का है। इस बीच, बाइडन ने बहस में अपने निराशाजनक प्रदर्शन के लिए अपने हालिया विदेशी दौरों के कारण हुई थकान को जिम्मेदार ठहराया है।

# अमेरिका और ब्रिटेन में फिर से कोरोना की आहट....मास्क पहनना अनिवार्य

वॉशिंगटन (ईएमएस)। अमरीका और ब्रिटेन में कोविड की एक और लहर की संभावना है क्योंकि दोनों ही देशों से संक्रमण की सूचनाएं आ रही हैं। रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन की आबादी के एक कमजोर वर्ग को मास्क पहनने के निर्देश और टीकाकरण में भी तेजी लाई गई है। वहीं दूसरी ओर अमरीका में अटलांटिक के पार मामलों में वृद्धि पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, क्योंकि रोग नियंत्रण केंद्र (सी.डी.सी.) नए कोविड-19 वेरिएंट की निगरानी कर रहा है जिसे एल.बी.1 के रूप में नामित किया गया है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पिछले दो वर्षों से वायरस प्रकोप पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है।

(यू.के.एच.एस.ए.) के अनुसार 26 जून को लगभग हर 25,000 ब्रिटिश नागरिकों में से एक कोविड-19 से संक्रमित था। मार्च 2020 में यह 13 में से एक था। रिपोर्ट के अनुसार संक्रमण में वृद्धि सांख्यिकीय रूप से मार्च 2020 की तुलना में बहुत कम है, जब पहली बार यू.के. में महामारी की सूचना दी गई थी। दो नए सब-वेरिएंट केपी.2 और केपी.1 को फ्लर्ट नाम दिया गया है। फ्लर्ट ओमिक्रॉन के सब-वेरिएंट्स का एक ग्रुप है और ये दोनों इस ग्रुप के अंदर ही आते हैं। केपी.1 और केपी.2 को फ्लर्ट उपनाम वैज्ञानिकों ने उनके म्यूटेशन के तकनीकी नाम के आधार पर दिया है। मार्च में, इन वेरिएंट की अमरीकी आबादी में केवल पांच प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

ब्रिटिश महामारी विज्ञान विशेषज्ञ पॉल हंटर के हवाले से कहा गया है कि उन्हें नहीं लगता कि वर्तमान कोविड-19 संक्रमण दर चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस साल हम शायद उतना ही संक्रमण देख रहे हैं जितना पिछले साल देख रहे थे। उनका मानना है कि आम तौर पर हम पिछले साल की तुलना में कोविड से बहुत कम मौतें और बहुत कम अस्पताल में भर्ती मरीज देख रहे हैं।

अमरीका और ब्रिटेन के स्वास्थ्य केंद्रों में मास्क अनिवार्य हो रहे हैं। वहीं अमरीका में स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसकारण चिंतित हैं क्योंकि अमरीकी सरकार पहले ही बर्ड फ्लू वायरस से परेशान हैं।

